# कक्षा-10+2

## सूचना

तैयारकर्ता व प्रस्तुतकर्ता

डॉ.सुनील बहल

**सूचना का अर्थ है — जानकारी या इत्तिला।** अंग्रेज़ी में इसके लिए नोटिस शब्द का प्रयोग होता है। हिन्दी में अंग्रेज़ी के इस 'नोटिस' शब्द का भी बोलचाल और लिखित रूप अधिकाधिक प्रयोग देखने में मिलता है। जिस पर सूचना लिखी जाती है उसे सूचना पट या पटल कहते हैं और अंग्रेज़ी में इसे नोटिस बोर्ड कहते हैं।

**सूचना या नोटिस दो प्रकार के हो सकते हैं —**

1. प्रथम श्रेणी में ऐसी सूचनाएँ आती हैं जो कि स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, हवाई अड्डों, बैंकों, क्लबों, सरकारी, गैर-सरकारी कार्यालयों आदि में सूचना पट पर लिखी होती हैं।
2. दूसरी श्रेणी की सूचनाएँ सार्वजनिक होती हैं जिन्हें समाचार-पत्रों में छपवाया जाता है।

सूचना लिखते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए।

1. सबसे पहले सूचना जारी करने की तारीख लिखी जानी चाहिए।
2. सूचना का शीर्षक ज़रूर लिखा जाये।
3. सूचना संक्षिप्त रूप में लिखी जानी चाहिए।
4. सूचना की भाषा सरल व स्पष्ट होनी चाहिए।
5. सूचना लिखते समय छोटे-छोटे वाक्यों का प्रयोग होना चाहिए।
6. सूचना लिखते समय अनावश्यक बातों के प्रयोग से बचना चाहिए।
7. सूचना देने वाले अधिकारी के नाम और पद का उल्लेख भी किया जाना चाहिए।
8. सूचना लिखते समय तिथि, समय और स्थान सम्बन्धी पूरी जानकारी दी जाए।

9. सूचना पट भी साफ-सुथरा होना चाहिए अर्थात् उस पर लिखा हुआ पढ़ा जा सके।

10. सूचना में महत्त्वपूर्ण बातों को रेखांकित कर देना चाहिए।

## सूचना लिखने के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं —

1.आपका नाम मुकेश वर्मा है। आपके 'माँ सरस्वती विद्यालय', जगाधरी के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण हेतु दिनांक 14 सितम्बर,2020 को रॉक गार्डन देखने चंडीगढ़ जा रहे हैं। आप स्कूल के छात्र संघ के सचिव हैं। आप अपनी ओर से इस सम्बन्ध में एक सूचना तैयार कीजिए।

1 सितम्बर 2020

### रॉक गार्डन देखने जाने सम्बन्धी सूचना

बारहवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि इस बार बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण हेतु दिनांक 14 सितम्बर, 2020 को रॉक गार्डन देखने चंडीगढ़ जा रहे हैं। जो विद्यार्थी इस भ्रमण दल के साथ जाने के इच्छुक हैं, वे अपने नाम व 500 रुपये अपने कक्षा अध्यापक के पास 10 सितम्बर 2020 तक जमा करवा दें।

मुकेश वमा,<br>
सचिव, छात्र संघ,<br>
माँ सरस्वती विद्यालय, जगाधरी

2.आपका नाम विशाल कुमार है। आप सरकारी हाई स्कूल, लुधियाना में पढ़ते हैं। आप एन.एस.एस. यूनिट के मुख्य सचिव हैं। आपके स्कूल में दिनांक 25 अप्रैल, 2020 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आप अपनी

तरफ से एक नोटिस तैयार करें, जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों से रक्तदान के लिए अनुग्रह किया जाये।

5 अप्रैल, 2020

## रक्तदान शिविर सम्बन्धी सूचना

स्कूल के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि स्कूल के हॉल में स्थानीय सिविल अस्पताल की ओर से 25 अप्रैल, 2020 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जो भी विद्यार्थी रक्तदान करना चाहें, वे अपने नाम अधोलिखित प्रमुख सचिव को 22 अप्रैल, 2020 तक लिखवा दें। इस शिविर का उद्घाटन शिक्षा मंत्री जी करेंगे।

विशाल कुमार
प्रमुख सचिव, एन.एस.एस. यूनिट
सरकारी हाई स्कूल, लुधियाना

3.आपका नाम चार्वी है। आप रियान इंटरनेशनल स्कूल, चंडीगढ़ में पढ़ती हैं। आप अपने स्कूल की वार्षिक पत्रिका की छात्र-सम्पादिका हैं। आप अपनी ओर से वर्ष 2020 के लिए पत्रिका के लिए विद्यार्थियों से कहानियाँ, कविताएँ, लघु कथाएँ, लेख छापने हेतु उनसे रचनाएँ प्राप्त करने के लिए सूचना तैयार कीजिए।

10 दिसम्बर, 2020

## स्कूल मैगज़ीन में रचनाएँ छपवाने सम्बन्धी सूचना

स्कूल के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2020 की वार्षिक पत्रिका में जो विद्यार्थी अपनी रचनाएँ जैसे कहानियाँ, कविताएँ, लघु कथाएँ व लेख छपवाना चाहते हैं, वे अपनी रचनाएँ 24 दिसम्बर, 2020 तक अधोहस्ताक्षरी को जमा करवा दें। रचना

जमा करवाते समय इस बात का प्रमाण पत्र लिखकर दें कि रचना मौलिक व अप्रकाशित है।

चार्वी,

( छात्र-सम्पादिका )

स्कूल पत्रिका

4.सरकारी सीनियर सेकण्डरी स्कूल, किशनपुरा के प्रिंसिपल की ओर से सूचनापट्ट के लिए एक सूचना तैयार करें, जिसमें प्रिंसिपल की ओर से सभी अध्यापकों व छात्रों को 26 जनवरी, 2020 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सुबह 8.00 बजे स्कूल आना अनिवार्य रूप से कहा गया हो।

22 जनवरी, 2020

गणतंत्र दिवस मनाने सम्बन्धी सूचना

स्कूल के सभी अध्यापकों व छात्रों को सूचित किया जाता है कि हर साल की तरह इस बार भी स्कूल में 26 जनवरी, 2020 को सुबह 8.00 बजे गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सभी अध्यापकों व छात्रों का समय पर आना अनिवार्य है।

प्रिंसिपल

सरकारी सीनियर सेकण्डरी स्कूल

किशनपुरा

5.सरकारी सीनियर सेकण्डरी स्कूल, पूना के प्रिंसिपल की ओर से सूचनापट्ट के लिए एक सूचना तैयार करें, जिसमें वर्दी न पहनकर आने वाले विद्यार्थियों को अनुशासनिक कार्यवाही के लिए कहा गया हो।

01.05.20

**वर्दी न पहनकर आने वाले विद्यार्थियों के लिए सचना**

**स्कूल के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे प्रतिदिन स्कूल की वर्दी पहनकर ही स्कूल आया करें। जो विद्यार्थी बिना वर्दी के स्कूल आएंगे, उन पर अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी। जिन विद्यार्थियों के पास अभी भी वर्दी नहीं है, उन्हें 20 दिन का समय वर्दी सिलवाने के लिए दिया जाता है।**

प्रिंसिपल

**सरकारी मॉडल सीनियर सेकण्डरी स्कूल,**

पूना

## अभ्यास

1. **आपके सरकारी मॉडल सीनियर सेकण्डरी स्कूल, मोहाली में दिनांक 27.12.2020 को वार्षिक उत्सव पर गिद्दा व भाँगड़ा का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल के साँस्कृतिक कार्यक्रमों के अध्यक्ष श्री भूपेन्द्रपाल सिंह द्वारा एक सूचना तैयार कीजिए, जिसमें इच्छुक विद्यार्थियों को इनमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया हो।**

उत्तर : 29.11.2020

**गिद्दा व भाँगड़ा में भाग लेने सम्बन्धी सूचना**

स्कूल में दिनांक 27.12.2020 को वार्षिक उत्सव पर गिद्दा व भाँगड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जो विद्यार्थी इनमें भाग लेना चाहते

हैं, वे अपने नाम दिनांक 02.12.2020 तक अधोहस्ताक्षरी को लिखवा दें।

भूपेन्द्रपाल सिंह
अध्यक्ष
साँस्कृतिक कार्यक्रम
सरकारी मॉडल सीनियर सेकण्डरी स्कूल, मोहाली

**2.सरकारी सीनियर सेकण्डरी स्कूल, सेक्टर-14, चंडीगढ़ के प्रिंसिपल की ओर से स्कूल के सूचनापट्ट (नोटिस बोर्ड) के लिए एक सूचना तैयार कीजिए, जिसमें स्कूल के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए सेक्शन बदलने की अंतिम तिथि 30.04.2020 दी गयी हो।**

**19.04.2020**

उत्तर : **सेक्शन बदलने सम्बन्धी सूचना**

**सभी कक्षाओं** के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि जो विद्यार्थी अपना सेक्शन बदलना चाहते हैं, वे दिनांक 30.04.2020 तक सेक्शन बदलने के लिए निवेदन कर सकते हैं।

प्रिंसिपल
सरकारी सीनियर सेकण्डरी स्कूल
सेक्टर-14, चंडीगढ़

**3. आपका नाम प्रदीप कुमार है। आप सरकारी सीनियर सेकण्डरी स्कूल, खिजरांबाद में पंजाबी के अध्यापक हैं। आप स्कूल की 'पंजाबी साहित्य समिति' के सचिव भी हैं। समिति द्वारा दिनांक 12.01.2021 को**

**स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में आप अपनी ओर से एक सूचना तैयार कीजिए, जिसमें विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कहा गया हो।**

**22.12.20**

उत्तर : **भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने सम्बन्धी सूचना**

**स्कूल में** दिनांक 12.01.2021 को **भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।** जो विद्यार्थी इस **प्रतियोगिता में भाग** लेना चाहते हैं, वे अपने नाम दिनांक 09.01.2021 तक अधोहस्ताक्षरी को लिखवा दें।

प्रदीप कुमार

पंजाबी अध्यापक व सचिव

पंजाबी साहित्य समिति

सरकारी सीनियर सेकण्डरी स्कूल, खिजरांबाद

4. **आपका नाम कुलविन्द्र सिंह है। आप सरस्वती पब्लिक स्कूल, समराला के डायरेक्टर हैं। आपके स्कूल में दिनांक** 7 अगस्त, 2020 **को विज्ञान प्रदर्शनी लग रही है। आप अपनी ओर से एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए कहा गया हो।**

**18.07.20**

उत्तर : **विज्ञान प्रदर्शनी में** भाग लेने **सम्बन्धी सूचना**

**स्कूल में दिनांक** 7 अगस्त, 2020 **को विज्ञान प्रदर्शनी लग रही है।** जो विद्यार्थी इस **प्रदर्शनी में भाग** लेना चाहते हैं,वे अपने नाम दिनांक 31.07.2020 तक अधोहस्ताक्षरी को लिखवा दें।

कुलविन्द्र सिंह

डायरेक्टर

सरस्वती पब्लिक स्कूल, समराला

5. आपका नाम जगदीश सिंह है। आप सरकारी सीनियर सेकण्डरी स्कूल, रोपड़ के ड्रामा क्लब के डायरेक्टर हैं। आपके स्कूल में 22 दिसम्बर 2020 को एक ऐतिहासिक नाटक का मंचन किया जाना है, जिसका नाम है 'रानी लक्ष्मीबाई'। आप इस सम्बन्ध में एक सूचना तैयार करें जिसमें विद्यार्थियों को उपर्युक्त नाटक में भाग लेने के लिए नाम लिखवाने के लिए कहा गया हो।

**21.11.2020**

उत्तर : नाटक में भाग लेने सम्बन्धी सूचना

स्कूल में 22 दिसम्बर, 2020 को एक ऐतिहासिक नाटक का मंचन किया जाना है, जिसका नाम है 'रानी लक्ष्मीबाई'। जो विद्यार्थी इस नाटक में भाग लेना चाहते हैं,वे अपने नाम दिनांक 28.11.2020 तक अधोहस्ताक्षरी को लिखवा दें।

जगदीश सिंह

डायरेक्टर

ड्रामा क्लब

सरकारी सीनियर सेकण्डरी स्कूल, रोपड

---

**तैयारकर्ता व प्रस्तुतकर्ता**

**डॉ.सुनील बहल**

**स्टेट रिसोर्स पर्सन (हिंदी और पंजाबी)**

---